nt>
Title: Need to clear the proposed action plan of Madhya Pradesh Government to check Naxalite activities in Rajnandgaon.

श्री मोतीलाल वोरा (राजनांदगांव): सभापति महोदय, मध्य प्रदेश का राजनांदगांव जिला नक्सलवादी गतिविधियों से बुरी तरह प्रभावित है जिसके कारण उस क्षेत्र के निवासी तथा वहां आने वाले लोग बराबर आतंकित रहते हैं। लोगों को इस सबसे मुक्ति दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने राज्य सरकार के परामर्श से कुछ कदम उठाए हैं; ठस्ट्राइकिंग फोर्स' का गठन किया है तथा एक एक्शन प्लान बनाकर केन्द्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा हुआ है।

मेरा गृह मंत्री जी से अनुरोध है कि राजनांदगांव जिले के लिए भेजे गए एक्शन प्लान को तत्काल स्वीकृति प्रदान करें ताकि जिला प्रशासन जनहित में शीघ्र उचित कार्रवाई कर सके।